# धान का वजन बढाने केन्द्रों मे सींचा जा रहा पानी

**सिवनी नवभारत। धान खरीदी केन्द्रो मे नित नये नये कारनामे सामने आ रहे है फसल मे पानी की कमी के कारण तो किसान जरूर पानी की मोटर से सिचाई करते है किन्तु धान खरीदी केन्द्रो मे धान का बजन बढाने के लिये रात के अन्धेरे मे पानी सिचाई के मामले सामने आ रहे है और यह सारा काला अध्याय रात के अन्धेरे मे लिखा जा रहा है यही नही धान की बोरियो मे पानी की सिचाई करते समय खरीदी केन्द्र मे लगी लाइटिंग भी पूरी तरह बन्द कर दी जाती है**

## नायब तहसीलदार तथा कृषि विभाग ने की जांच

उल्लेखनीय है की जहा मध्य प्रदेश तथा केन्द्र सरकार महिलाओ को आत्म निर्भर तथा स्वावलंबी बनाने के प्रयास मे काम कर रही है तथा महिला स्व सहायता समूहो को धान उपार्जन कार्य से जोडा गया किन्तु महिला स्व सहायता समूह ही सबसे ज्यादा सुर्खिया नये नये कृत्य के साथ बटोरते नजर आ रहे है और ऐसा ही कुछ मामला खरीदी केन्द्र आष्टा का सामने आया है जहा महिला स्व सहायता समूह के द्वारा रात के अन्धेरे मे खडी तथा सिली बोरियो मे पानी की सिचाई की जा रही थी ग्राम आष्टा के जागरूक व्यक्ति ने रात के अन्धेरे मे

## धान खरीदी का काला सच

सिचाई का वीडियो तथा फोटो लेकर अधिकारियो को अवगत कराया किन्तु समय पर अधिकारी नही पहुचे दूसरे दिन जब इस मामले की जांच कृषि विभाग तथा नायब तहसीलदार द्वारा की गई तो वास्तविक मे धान की बोरिया निचले हिस्से से गीली पाई गई तथा बोरियो के नाप करने पर बोरियो की भर्ती 42 किलो ग्राम तक पाया जाना शिकायत कर्ता द्वारा बताया गया है लगी दूसरी तरफ शिकायत कर्ता पर ही धान खरीदी प्रभारी द्वारा यह आरोप मढ दिया गया की शिकायत कर्ता के द्वारा झूठी शिकायत की गई और शिक़ायत कर्ता ब्लेक मेल कर रहा था हालाकि सारी सच्चाई जांच टीम के सामने है अगर शिकायत सही है तो इस गम्भीर मामले मे बडी कार्यवाई क्यो नही आखिर किसके सरंक्षण मे ऐसे महिला स्व सहायता समूहो को बचाने के प्रयास किये जा रहे है क्या जिले की संवेदन शील जिला कलेक्टर शीतला पटले कार्यवाई को अंजाम देगी।



### ट्रक लगने के पूर्व की जाती है सिचाई

उल्लेखनीय है की भंडारण केन्द्र के ट्रक लोड होने के कुछ घन्टे पूर्व ही धान की बोरियो मे पानी की मोटर लगाकर पानी सिचाई के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है और यह भी सुनने मे आया है की भंडारण केन्द्र से जुडे कुछ विभागीय अधिकारी जिनके हाथो मे वेयर हाउस की कमान सौपी गई है इनका सहयोग ऐसा कृत्य करने वाले खरीदी केन्द्र के साथ जुडा होने से इंकार भी नही किया जा सकता वही दूसरी ओर धान का बजन बढाने तथा धान की बोरियो मे पानी सीचने के मामले वेयर हाउस मे भी सामने आ चुके तथा ट्रक भी वापस किये गये है वही दूसरी ओर ट्रक के बीच भाग मे अत्यधिक पानी सिचाई के चलते ट्रक मे गीली बोरिया भी पाई गई है जिसे वेयर हाउस मे तैनात सर्वेयर के द्वारा धान भी वापिस संबधित खरीदी केन्द्र को वापिस भेजी जाने का मामला सामने आ चुका है यह पहला मामला नही है जो इस तरह के कृत्य खरीदी केन्द्र मे हो रहे है।

### इनका कहना है



ऐसा कृत्य करने वाले समूह को ब्लेक लिस्टेड करने की कार्यवाई की जा रही है

**सुरेश सनखेरे जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सिवनी**

हमारे द्वारा जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है कार्यवाई करने का काम विभाग का है

**एमडी परते कृषि विभाग**

जांच कर प्रति वेदन एस डी एम सर को दे दिया गया है कार्यवाई की जाना है

**नायब तहसीलदार बरघाट**



# गजरथ महामहोत्सव : दीक्षा कल्याणक विधि संपन्न हुई

**गजरथ महोत्सव देखने नगर में पहुंच रहे श्रद्धालु बड़ी संख्या में**



**छपारा नवभारत।** नगर के तकिया वार्ड सुभाष ग्राउंड पर छपारा श्री दिगंबर जैन पंचायत सभा श्रीमद जिनेंद्र पंचकल्याणक महामहोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ के पांचवें दिन 18 जनवरी रविवार को सुबह 6 बजे से पत्र शुद्ध अभिषेक शांति धारा नित्य पूजन जन्म कल्याणक पूजन शांति हवन आचार्य श्री जी पूजन एवं आशीर्वचन हुए वहीं 9֊00 बजे पाणिग्रहण संस्कार विधि बारात संपन्न हुई। दोपहर में राज्याभिषेक भेंट समर्पण महामंडलेश्वर नियुक्ति सेनापति नियुक्ति सत्कर्म उपदेश दंड नीति ब्रह्मिसुंदरी को शिक्षा, नीलांजनानृत्य, लोकांति देव आगमन युवराज भारत एवं बाहुबली राज्य तिलक दीक्षाभिषेक दीक्षा वन गमन और दीक्षा कल्याणक संस्कार विधि एवं शाम 6֊30 बजे संगीत में महा आरती सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ वहीं दूसरी और विगत 14 फरवरी से जहां नगर के समस्त मार्ग पर आकर्षक साज-सज्जा से समस्त नगर वासी एवं क्षेत्रीय वासियों सभी उत्साह उमंग भाव-विभोर हैं और गजरथ महोत्सव की छटा देखते ही बन रही है।

## एक नजर में

### अग्रवाल समाज ने मनाया मकर संक्राति उत्सव



**सिवनी।** तिल के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों तथा मनोरंजक प्रतियोगिताओं के साथ अग्रवाल समाज की महिलाओं ने शनिवार को मकर संक्रांति उत्सव मनाया। जबलपुर रोड लूघरवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन में 17 जनवरी को मकर संक्रांति मेला आयोजित किया। प्रगति महिला मंच द्वारा आयोजित मकर संक्रांति मेला का प्रारंभ परिसर के मंदिर में विराजमान भगवान श्री लक्ष्मी नारायण के पूजन आरती के साथ किया गया। इस दौरान महिलाओं ने भगवान लक्ष्मी नारायण को 56 भोग अर्पित किए। इसके बाद मनोरंजक प्रतियोगिताएं अग्रसेन भवन के मुख्य हाल में आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच की महिलाओं ने अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल (भालोटिया), उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सहसचिव सुनील अग्रवाल,तरूण अग्रवाल, दिलीप मोदी, अंजय अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए तिल से बने मिष्ठान भेंट गए।

### गोवर्धन पूजा एवं महारास कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब




**कान्हीवाड़ा।** क्षेत्र चल रही श्री मद्भागवत कथा में गोवर्धन पूजा एवं महारास कथा का भव्य वर्णन श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। विशाल पंडाल में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कथा स्थल को पुष्प मालाओं, रंगीन गुब्बारों और धार्मिक चित्रों से भव्य रूप से सजाया गया था। कथा वाचक पूज्य आचार्य हेमंत कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन पर्वत धारण की कथा सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के अभिमान को चूर कर ब्रजवासियों की रक्षा की। महाराज श्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण, कर्म और ईश्वर में अटूट विश्वास का प्रतीक है। इसके पश्चात महारास प्रसंग का सुंदर वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि महारास केवल नृत्य नहीं बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का दिव्य प्रतीक है। रासलीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने भक्तों को प्रेम, त्याग, समर्पण और भक्ति का मार्ग दिखाया।

### विधायक के मुख्य आतिथ्य मे हुआ ईनामी दंगल



**सिवनी।** विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया गया। आज जिला मुख्यालय सिवनी स्थित पीजी कालेज मैदान पर भैरोगंज दंगल आयोजन समिति द्वारा आयोजित विशाल ईनामी दंगल कार्यक्रम का आयोजन भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। जहां कार्यक्रम मे पहुंचने पर आयोजन समिति द्वारा आगवानी कर शाल, श्रीफल भेंटकर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से फीता काट कर दंगल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# पोल्ट्री फार्मिंग से बढ़ाएं कृषि और स्वरोजगार : डॉ मनीष शेन्डे



**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ईकोक्लब ने वर्मी कंपोस्टिंग और पोल्ट्री फार्मिंग के वैज्ञानिक उपयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया. पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को व्यावहारिक पहलूओं पर रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी दी. सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली.

कार्यशाला की शुरुआत सरस्वती पूजन अर्चन और वंदना से हुई. प्राणिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर.एस. डहेरिया ने कार्यक्रम के उद्देश्य समझाते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण की चेतना का हमारे व्यवहार में विकसित होना जरुरी है.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में कृषि विज्ञान केन्द्र, सिवनी के कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के. देशमुख ने वर्मी कंपोस्टिंग की प्रक्रिया को बताया. वर्मी कम्पोस्ट के पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों से अवगत कराते हुए जैविक खाद के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी.

दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में पशुपालन एवं डेरी विभाग के सहायक संचालक डॉ. मनीष शेन्डे ने पोल्ट्री फार्मिंग और उत्पादों की प्रक्रिया के बारे में बताया. मुर्गीपालन के माध्यम से सतत् कृषि और स्वरोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से समझाया. कहा कि मुर्गीपालन से युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने में मदद मिलती है.

प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने अपने वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया. डॉ वर्षा जैन ने इकोक्लब के मिशन को समझाया और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# मसीही समाज ने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित किया नि :शुल्क शिविर





**छपारा नवभारत।** मिशन स्कूल परिसर छपारा में दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क सेवा एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित किया गया। यह पहल प्रेसबिटेरियन फ्री चर्च छपारा के तत्त्वावधान में मसीही समाज छपारा द्वारा सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन अपने परिजनों सहित उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का समाज के सदस्यों द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में कुल 45 दिव्यांगजन सम्मिलित हुए, जिन्हें समाज की महिला समूह द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, रक्त-जाँच, आवश्यक दवाइयों एवं गर्म वस्त्रों का नि:शुल्क वितरण किया गया। चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व सेवानिवृत्त बीएमओ डॉ. देवाशीष बनर्जी एवं डॉ. मयंक तिवारी (शासकीय अस्पताल, छपारा) ने नि:स्वार्थ भाव से किया। उन्होंने दिव्याँग जनों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, व्यक्तिगत स्वच्छता, पौष्टिक आहार, पारिवारिक सहयोग एवं शासन की योजनाओं का लाभ लेने की सलाह भी दी। रक्त-जाँच सहयोग में ज़िंदल पैथोलॉजी का योगदान सराहनीय रहा। व्यक्तिगत संवाद में कुछ दिव्यांगजन भावुक भी हुए और उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर उन्हें कई बार असुविधा और असहजता का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण वे समाज की मुख्य धारा से दूर होते जाते हैं। शिविर में नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षक देवेन्द्र सोनी और के.एस. नागेश ने कहा कि समाज तब मजबूत बनता है जब कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों को समान अवसर, सहभागिता और गरिमा मिलती है। समाज के वरिष्ठ माइकल जॉन, संजय मसीह एवं समित कुमार ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, सेवा और शांति के संदेश के अनुरूप मसीही समाज समाजसेवी कार्य करता है।

# अज्ञात कारणों के चलते कोल्ड ड्रिंक के ठेले पर लगी आग सारा समान जलकर खाक हुआ

**छपारा नवभारत।** नगर के मुख्य मार्ग के किनारे नगर के जयसवाल कालोनी निवासी ठाकुर नितिराज सिंह की वेफर्स और कोल्ड ड्रिंक के ठेले में रविवार को सुबह लगभग 5 बजे अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग भड़क गई और देखते ही देखते लोहा के चद्दर से बना ठेला आग के गोले में तब्दील हो गया और अन्दर रखा हुआ सारा समान जलकर खाक हो गया वहीं पूरा मामला पुलिस ने अपनी जांच में ले लिया और तफ्तीश शुरू हो गई है, 18 जनवरी को सुबह नगर के संदीपनी विद्यालय की दीवारों से लगकर पेट्रोल पंप के सामने कोल्ड ड्रिंक की दुकान के ठेले में अचानक आग लग गई आशंका जताई जा रही है कि ठेले पर आग शॉर्ट सर्किट से लगी मिली जानकारी के अनुसार आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा दुकान संचालक और छपारा पुलिस थाना में दी गई जिसपर तत्काल 112 वाहन एवं नगर परिषद के अग्निशमन वाहन और स्थानीय लोगों द्वारा द्वारा मौके पर पहुंच आग को बुझाने के भरसक प्रयास किए गए परन्तु सब व्यर्थ रहा और कुछ मिनटों में अंदर रखा लगभग ढेड़ लाख रुपए समान जलकर खाक हो गया ।



# इकोक्लब द्वारा कंपोस्टिंग टेक्निक विषय पर कार्यशाला का आयोजन




**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. पी. जी. कॉलेज सिवनी में ईको क्लब के द्वारा पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16/01/2026 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई द्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को आज की आवश्यतानुसार कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ वर्षा जैन ने इकोक्लब के विषय मिशन लाइफ के मुख्य उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करना है द्य महाविद्यालय के एन. सी. सी. ऑफिसर डॉ. पवन वासनिक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन होना चाहिए द्य प्राणिशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. आर. एस. डहेरिया ने कहा हमारे ब्यवहार में पर्यावरण संरक्षण का विकसित होना जरुरी है कार्यक्रम का मुख्य विषय वर्मी कंपोस्टिंग एवं पोल्ट्री उत्पादों के वैज्ञानिक उपयोग पर आधारित था। कार्यशाला के दौरान विषय-विशेषज्ञ डॉ. के. के. देशमुख ( वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी) एवं डॉ. मनीष शेंडे (सहायक संचालक पशुपालन एवं डेरी विभाग सिवनी ) द्वारा वर्मी कंपोस्टिंग की प्रक्रिया, उसके पर्यावरणीय एवं आर्थिक लाभ, जैविक खाद के महत्व बताया।

इस कार्यक्रम में डॉ. मनीषा सोनेकर, डॉ धनेंद्र गुर्देकर, डॉ. रामकुमार नायक, डॉ. अर्चना द्विवेदी, डॉ. वंदना, शैलेन्द्र जैन, सोनू मसराम, राजू सहित महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा जिनके मार्गदर्शन से कार्यशाला को सार्थक दिशा मिली।

कार्यशाला के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु जूट बैग वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली कार्यक्रम का संचालन डॉ. टी. पी. सागर ने किया एवं डॉ. संदीप शुक्ला इकोक्लब प्रभारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# प्राणघातक हमला करने वाले पहुंचे जेल



**सिवनी नवभारत।** कोतवाली पुलिस द्वारा क्रिकेट के विवाद को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। गत 02 जनवरी को समीर खान निवासी गांधी वार्ड द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया कि 01 जनवरी की रात्रि करीबन 10/00 बजे सैजान उर्फ सैजू खान, सैफ अली खान, नवीस खान द्वारा क्रिकेट में विवाद को लेकर प्रार्थी समीर खान एवं उसके छोटे भाई उवैस खान के साथ चाकू, बैट एवं हाथ मुक्के से प्राणघातक हमला कर गंभीर रुप से घायल करने पर सभी आरोपियों के विरूध्द धारा 296 (बी), 109(1), 115(2), 118(1), 351(2),3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया एवं तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर सभी फरार आरोपियों की संभावित लगातार तलाश पतासाजी की जा रही थी जो 18 जनवरी को घसियारी मोहल्ला में इमरान अली के मकान में सभी आरोपियों के छुपे होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दबिश देकर तीनों आरोपियों को पकड़ा कर गिरफ्तार किया जाकर सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां माननीय न्यायालय द्वारा सभी न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

**आयोजन** | **स्कूली बच्चों को वन अमले ने कराया भ्रमण, क्विज प्रतियोगिता आयोजित, बच्चों को किया गया सम्मानित**

# सकाटा के जंगल में आयोजित किया गया अनुभूति कार्यक्रम






**अरी नवभारत।** बफर जोन वन परिक्षेत्र अरी के अंतर्गत सकाटा के जंगल में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अरी वन परिक्षेत्र बफर जोन के सकाटा सर्कल में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अनुभूति कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों प्रेरकों के द्वारा कराया गया जंगल का भ्रमण वन अमले द्वारा सुबह 7 से 1 तक जंगल का भ्रमण कराया गया। प्रेरक मनीष शिव और नदीम खान धीरज भलावी के द्वारा अनुभूति कैंप सकटा की साइट को इतनी सुंदर तरीके से तैयार किया गया कि। की बच्चों एवं अतिथियों सहित सभी लोगों ने इस सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। वही फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया बच्चों का जिसमें मास्टर ट्रेनर अनिल चौधरी और पंकज ने जंगल में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे की जानकारी दी गई। जिसमें फलदार वृक्ष चार, भिलवा, हर्रा, बेहेड़ा, आंवला, महुआ इसके अलावा आदि की जानकारी दी गई इमारती वृक्ष के अलावा औषधि में काम आने वाले पेड़ पौधों की भी जानकारी दी गई। प्रेरक मनीष शिव द्वारा द्वारा वन में पाए जाने वाले हिंसक व शाकाहारी पशु पक्षियों की जानकारी दी गई इसके अलावा वनों में पाए जाने वाले जहरीले जीव जंतु सांपों की भी जानकारी दी गई साथ ही विद्यार्थियों को जंगल से होने वाले फायदे भी विद्यार्थियों को बताया गया कि हमें जंगलों की रक्षा कैसे करना चाहिए वन प्राणियों की रक्षा कैसे करना चाहिए यदि जंगल में आग लगती है या कोई शिकार करता है। इसकी जानकारी विभाग के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को दे सकते हैं। विद्यार्थियों को दोपहर में भ्रमण के बाद भोजन कराया गया भोजन कार्यक्रम में शिक्षक गण अतिथिगण एवं समस्त स्टाफ शामिल रहा इसके उपरांत मास्टर ट्रेनर द्वारा बच्चों में क्विज प्रतियोगिता कराई गई सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पेन, बाघ की प्रतिमा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में जो मुख्य आकर्षण का केंद्र पूरे कार्यक्रम में देखा गया जो इस समय चर्चा का विषय था वह श्रीमती आम्रपाली शिव जो की मनीष शिव वनरक्षक की धर्मपत्नी है। द्वारा अपने हाथों से बनाया गया मिट्टी का बाघ था। जो अब तक जितने भी विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम हुए हैं उस कार्यक्रम में यह बाघ नवाचार बताया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी ओबेदुल्ला खान सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गणेश प्रसाद कुशराम सरेखा, फिरोज खान गगेरुआ, कृष्ण कुमार कांमडे, विजय कुमार वरकडे नेहलेसर्रा, मुकेश कुमरे सकाटा, संजय सिंह तेकाम बिसापुर माल, सभी सर्किलों के वनरक्षक एवं सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे अतिथियों , पंचायत समन्वय अधिकारी , जेपी शिव, मानसिंह कटरे हरेंद्र पटले जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

# एहसान कुरैशी ने टैंक टी-55 स्मारक पहुंचकर किया माल्यार्पण



**सिवनी नवभारत।** देश के जाने-माने हास्य कलाकार एहसान कुरैशी जी एवं मास्टर सागर ( जूनियर सलमान खान ) ने सिवनी स्थित टैंक टी-55 राष्ट्रीय स्मारक पहुंचकर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्मारक परिसर में स्थापित टैंक टी-55 पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान संगठन की ओर से एहसान कुरैशी जी एवं मास्टर सागर का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। श्री कुरैशी जी ने कहा कि टैंक -55 राष्ट्रीय स्मारक जैसे स्थल युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को बलिदान, शौर्य एवं राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देते हैं।

मातृ शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि टैंक टी-55 राष्ट्रीय स्मारक का उद्देश्य अमर बलिदानियों की स्मृति को जीवंत रखना और समाज को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में संगठन के सदस्य, गणमान्य नागरिक सिवनी पुलिस बल , थाना प्रभारी सतीश तिवारी, मीडिया बंधु एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एहसान कुरैशी ने अपनी देश भक्ति से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से उपस्थिति भीड़ को भाव विभोर कर दिया।

भारतीय कलाकार संघ द्वारा कुरैशी जी को मोर पंख पर बनाए गए उन्हीं के चित्र को भेंट किया।

संगठन सदस्य श्रीमती हनी गुप्ता द्वारा वंदे मातरम, गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया एवं संगठन की ओर से श्री एहसान कुरैशी जी का आभार व्यक्त किया गया उन्होंने स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन किया और संगठन का सम्मान बढ़ाया।